**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 25.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को भारतीय इतिहास का बताया सबसे काला अध्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वालों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि।।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के जैप–वन मैदान में आयोजित पारण–परेड समारोह में हुए शामिल; नवप्रशिक्षित जवानों की ली दीक्षांत सलामी।**
3. **वन्यजीव अपराधों की रोकथाम को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की रांची में समन्वय बैठक; तस्करी रोकने के लिए डाक, कूरियर और सभी परिवहन मार्गों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश।**
4. **रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर बर्ड स्ट्राइक रोकने के लिए कड़े कदम; बिरसा चौक और हिनू में खुले में मांस–मछली बेचने वालों पर होगी सख्त प्रशासनिक कार्रवाई।**
5. **रांची समेत कई जिलों में दोपहर बाद अचानक बदला मौसम, गरज के साथ झमाझम बारिश ;मौसम केंद्र ने खूंटी, बोकारो और रामगढ़ के लिए भी जारी किया वज्रपात का येलो अलर्ट।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आपातकाल को भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय और संविधान पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि इस दौर ने उन अनगिनत नागरिकों के असाधारण साहस को उजागर किया जिन्होंने चुप रहने से इनकार कर दिया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि देश न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परियोजनाओं की समीक्षा के डिजिटल मंच– प्रगति की 52वीं बैठक की कल नई दिल्ली में अध्यक्षता की। बैठक में सड़क, बिजली, औद्योगिक गलियारे और मेट्रो रेल क्षेत्रों की लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की चार प्रमुख बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप–वन मैदान में आयोजित पारण–परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवप्रशिक्षित आरक्षियों के दीक्षांत पासिंग आउट परेड की सलामी ली। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जांबाज जवानों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नए जवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें ईमानदारी व निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की सीख दी।

**********************

धनबाद के कोयला नगर कम्युनिटी हॉल में भाजपा द्वारा प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सुशासन, विकास और गरीब कल्याण को केंद्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।

**********************

रांची में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने वन्यजीव तस्करी रोकने के लिए हवाई, रेल, सड़क मार्गों समेत डाक व कूरियर सेवाओं पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों से आपस में सूचनाओं का त्वरित आदान–प्रदान सुनिश्चित करने को कहा।

**********************

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर बर्ड स्ट्राइक रोकने के लिए विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में कई कड़े फैसले लिए गए हैं। हवाई अड्डे के आसपास, विशेष रूप से बिरसा चौक और हिनू क्षेत्र में खुले में मांस–मछली बेचने वाले अनधिकृत केंद्रों और बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, पक्षियों को आकर्षित होने से रोकने के लिए नगर निगम को खुले नालों को जल्द ढकने और ऊंची इमारतों पर अवरोधक लाइटें लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**********************

रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से आज युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए एक विशेष जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। पर्यटन और खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री ने आगाह किया कि नशा आज युवाओं के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो पूरे समाज को प्रभावित कर रहा है।

**********************

दुमका जिले के रानेश्वर प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत में किसानों ने सामूहिकता से समाधान की एक अनूठी मिसाल पेश की है। दो गांवों के किसानों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर जेसीबी मशीन की मदद से जल निकासी नाली को साफ कराया है। इससे क्षेत्र की करीब 150 बीघा जमीन से जलजमाव की समस्या दूर हुई है और छह वर्षों के बाद यह भूमि दोबारा खेती के योग्य बन सकी है। किसानों के इस सामूहिक प्रयास की पूरे जिले में सराहना हो रही है।

**********************

राज्य सरकार ने बोकारो जिले के चंदनकियारी स्थित पर्वतपुर और सीतानाला कोल ब्लॉक के खनन पट्टा को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कैबिनेट द्वारा दी गई इस स्वीकृति से दोनों ब्लॉकों के विशाल क्षेत्र में खनन गतिविधियां शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और युवाओं में खुशी का माहौल है।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक आज लगभग शून्य दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ करोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स पांच सौ अंक की उछाल के साथ 77 हजार 550 पर जबकि निफ्टी एक सौ 70 अंक की वृद्धि के साथ 24 हजार 191 के पर था।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 32 हजार 900 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 25 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही उमस भरी गर्मी के बाद आसमान में काले घने बादल छा गए और तेज गर्जन और हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने तात्कालिक चेतावनी जारी करते हुए रांची, खूंटी, बोकारो और रामगढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में अगले दो से तीन घंटों में तीव्र मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का भी पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

**********************

रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन और तैराकी प्रतियोगिता का समापन हो गया। छत्तर मांडू इंडोर स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में विधायक ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

*********समाप्त*************